पंचायतों में बनी जैव विविधिता समितियां

- 27 पंचायतों में शुरू हुई समिति गठन की प्रक्रिया
- जैव विविधिता समिति का किया गया गठन

नरकटियागंज , हमारे संवाददाता। सभी 27 पंचायतों में जैव विविधिता समिति का गठन शुरू कर दिया गया है। इस बाबत सोमवार को प्रखंड के भसुरारी, बनवरिया, सुगौली, बराजपुर तुमकड़िया, डुमरिया समेत अन्य पंचायतो में मुखिया की अध्यक्षता में बैठक की गयी।

बैठक के बाद जैव विविधता प्रबंधन समितियों का गठन किया गया। बीडीओ सतीश कुमार ने बताया कि प्रधान सचिव के निर्देश के आलोक में समितियो के गठन की कार्यवाही शुरू कर दी गयी है। तकनीकी सहायक इम्तेयाज अहमद ने बताया कि मनवा परसी, में जैव विविधिता समिति का गठन कर लिया गया है। इस अवसर पर परसी में मुखिया शांति देवी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया।इस अवसर पर पंचायत सचिव बालेश्वर चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि आलमगीर समेत अन्य मौजूद रहे। वहीं राजपुर तुमकड़िया पंचायत में मुखिया संतोष साह व भसुरारी में मुखिया सरोज देवी तथा उनके प्रतिनिधि संतोष पाल की उपस्थिति में समिति का गठन किया गया। मौके पर कार्यपालक सहायक संजय कुमार, तकनिकी सहायक पुजा कुमारी आदि मौजूद रहे।